Email- pmchitrakoot210205@gmail.com CUG Mob- 9473942755

# अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय,

## उत्तर प्रदेश जल निगम (ग्रामीण) चित्रकूट

पत्रांक सं0:— 706 / M-12 / 98 दिनांक 04/06/2026

सेवा में,

मुख्य अभियन्ता (ग्रामीण)
उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण)
लखनऊ।

विषयः— विकास खण्ड पहाडी के पहाडी बुजुर्ग ग्राम में दलित बस्ती में पेयजल संकट, ग्रामीणों का प्रदर्शन—जल जीवन मिशन के तहत आपूर्ति हुई बाधित, 15 दिन में समाधान का लक्ष्य से सम्बन्धित आख्या का प्रेषण।

महोदय,

उपरोक्त विषयक दैनिक भास्कर डिजिटल मीडिया ऐप के माध्यम से प्रकाशित खबर शीर्षक **"दलित बस्ती में पेयजल संकट, ग्रामीणों का प्रदर्शन–जल जीवन मिशन के तहत आपूर्ति हुई बाधित, 15 दिन में समाधान का लक्ष्य"** की आख्या प्रेषित करने के निर्देश दिये गये हैं।

उपरोक्त के सम्बन्ध में अवगत कराना है कि विकास खण्ड पहाड़ी अंतर्गत ग्राम पंचायत पहाड़ी बुजुर्ग में पेयजल समस्या के संबंध में कुछ ग्रामीणों द्वारा विकास खण्ड कार्यालय पहाड़ी में सांकेतिक प्रदर्शन किए जाने का मामला संज्ञान में आया है। ग्राम में उत्पन्न पेयजल समस्या अस्थायी परिस्थितियों के कारण उत्पन्न हुई है, जिसके निराकरण हेतु जिला प्रशासन, उत्तर प्रदेश जल निगम (ग्रामीण), संबंधित विभागों एवं कार्यदायी संस्था द्वारा त्वरित एवं प्रभावी कार्यवाही की जा रही है। ग्राम पहाड़ी बुजुर्ग को जल जीवन मिशन के अंतर्गत निर्माणाधीन चांदी बांगर ग्राम समूह पेयजल योजना से आच्छादित किया गया है। योजना के अंतर्गत ग्राम में 250 किलोलीटर क्षमता एवं 20 मीटर स्टेजिंग वाले ओवरहेड टैंक (OHT) का निर्माण कार्य पूर्ण किया जा चुका है। इसके अतिरिक्त ग्राम में कुल 1415 गृह जल संयोजनों के सापेक्ष 787 गृह जल संयोजन प्रदान किए जा चुके हैं तथा कुल 17.778 किलोमीटर प्रस्तावित वितरण पाइप लाइन के सापेक्ष 15.570 किलोमीटर पाइप लाइन बिछाने का कार्य पूर्ण हो चुका है। वर्तमान में योजना के विभिन्न अवयवों की टेस्टिंग एवं कमीशनिंग का कार्य प्रगति पर है तथा आंशिक रूप से लगभग 10 प्रतिशत क्षेत्र में जलापूर्ति भी की जा रही है।

वर्तमान में ग्राम पहाड़ी बुजुर्ग में टेस्टिंग व कमिशनिंग का कार्य प्रगति पर है एवं ग्राम पहाडी बुजुर्ग का 'हर घर जल' प्रमाणीकरण नहीं हुआ है तथा जल जीवन मिशन की योजना पूर्ण रूप से कमीशन नहीं हुई है। वर्तमान समय तक ग्राम में नियमित पेयजल आपूर्ति उत्तर प्रदेश जल संस्थान द्वारा संचालित नलकूप आधारित व्यवस्था से की जाती रही है। विगत कुछ दिनों से अत्यधिक गर्मी एवं भूजल स्तर में गिरावट के कारण संबंधित नलकूप के जलस्रोत प्रभावित होने से पेयजल आपूर्ति बाधित हुई, जिसके फलस्वरूप ग्रामीणों को असुविधा का सामना करना पड़ा। समस्या की गंभीरता को दृष्टिगत रखते हुए उत्तर प्रदेश जल निगम (ग्रामीण) द्वारा कार्यदायी संस्था एल एंड टी को शेष समस्त कार्यों को सर्वोच्च प्राथमिकता पर पूर्ण करने के निर्देश दिए गए हैं। कार्यदायी संस्था के परियोजना प्रबंधक द्वारा अवगत कराया गया है कि ग्राम पहाड़ी बुजुर्ग में शेष टेस्टिंग, कमीशनिंग, वितरण नेटवर्क एवं संबंधित तकनीकी कार्यों को युद्धस्तर पर संपादित करते हुए आगामी 10 से 15 दिवस के भीतर नियमित पेयजल आपूर्ति प्रारंभ कराने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। कार्यों की प्रभावी निगरानी एवं त्वरित निष्पादन सुनिश्चित करने हेतु उत्तर प्रदेश जल निगम (ग्रामीण) के सम्बन्धित जूनियर इंजीनियर को निर्देशित किया गया है कि वह ग्राम में नियमित रूप से उपस्थित रहकर फर्म एल0एण्ड0टी0 के सम्बन्धित साइट इंजीनियर से समन्वय स्थापित करते हुये समस्त अवशेष कार्यों को प्राथमिकता पर पूर्ण कराकर नियमित जलापूर्ति प्रारंभ कराना सुनिश्चित करें।

साथ ही अवगत कराना है कि ग्रामीणों को तात्कालिक राहत प्रदान करने हेतु जिला प्रशासन के निर्देशानुसार जिला पंचायत राज अधिकारी चित्रकूट, खण्ड विकास अधिकारी पहाड़ी एवं ग्राम पंचायत के समन्वय से ग्राम में पर्याप्त संख्या में टैंकरों का संचालन कराया जा रहा है। आवश्यकता के अनुसार अतिरिक्त टैंकर भी उपलब्ध कराए जा रहे हैं ताकि किसी भी परिवार को पेयजल संकट का सामना न करना पड़े। संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि टैंकरों के माध्यम से पेयजल आपूर्ति की व्यवस्था निरंतर एवं सुचारु रूप से संचालित रहे तथा इसकी नियमित मॉनिटरिंग भी सुनिश्चित की जाए।

उत्तर प्रदेश जल निगम (ग्रामीण), जिला प्रशासन एवं संबंधित विभाग ग्राम पहाड़ी बुजुर्ग के प्रत्येक परिवार को सुरक्षित एवं नियमित पेयजल उपलब्ध कराने के लिए पूर्णतः प्रतिबद्ध हैं। वर्तमान समस्या के स्थायी समाधान हेतु सभी आवश्यक कार्य प्राथमिकता के आधार पर कराए जा रहे हैं तथा उच्चाधिकारियों द्वारा इसकी सतत समीक्षा की जा रही है। प्रशासन एवं विभाग द्वारा ग्रामवासियों की पेयजल समस्या के त्वरित एवं स्थायी समाधान हेतु निरंतर कार्यवाही की जा रही है तथा शीघ्र ही ग्राम में नियमित पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित की जाएगी।

भवदीय,

अधिशासी अभियन्ता

*संख्या एवं दिनांक यथोपरि।*

प्रतिलिपिः— निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. मुख्य अभियन्ता महोदय (बुन्देलखण्ड क्षेत्र), उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), झांसी।
2. जिलाधिकारी महोदय, चित्रकूट।
3. अधीक्षण अभियन्ता महोदय, मण्डल कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण) बांदा।
4. मुख्य विकास अधिकारी महोदय, चित्रकूट।
5. अपर जिलाधिकारी महोदय, (नमामि गंगे), चित्रकूट।
6. श्री शशिकान्त मौर्य सहायक अभियन्ता/श्री अभिजीत यादव, जूनियर इंजीनियर।
7. श्री प्रोबिन्स कटियार, प्रोजेक्ट मैनेजर, एल0एण्ड0टी0, चित्रकूट को इस निर्देश के साथ कि निर्धारित समयान्तर्गत कार्य पूर्ण कराना सुनिश्चित करें।

अधिशासी अभियन्ता